भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2336
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

**महाराष्ट्र में न्यायालयों में रिक्त पद**

**+2336. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी :**

**श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील :**

**सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे :**

**डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र के जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों, जो वर्ष 2021 से लगभग 250 पर स्थिर हैं, का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और क्या राज्य को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कोई विशिष्ट सलाह जारी की गई है ;

(ख) सम्पूर्ण भारत के जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों के 4,855 रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है और मुंबई उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों में 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या कितनी है ; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक निधि का उपयोग और ग्रामीण जिलों में "डिजिटल कोर्ट" स्थापित करने में हुई प्रगति सहित ई-न्यायालय चरण ।।। के लिए बजटीय आवंटन का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) :** महाराष्ट्र राज्य के जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में वर्ष 2021 से न्यायिक अधिकारियों के रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :

| पदसंख्या | **31.12.2021 से 11.02.2026 तक** |
|---|---|

| | |
|---|---|
| स्वीकृत पदसंख्या | 2190 |
| कार्यरत पदसंख्या | 1940 |
| रिक्तियाँ | 250 |
| स्रोत: न्याय विकास पोर्टल | |

जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना संबंधित उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों का उत्तरदायित्व है। संवैधानिक ढाँचे के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबंध के साथ पठित अनुच्छेद 233 और 234 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संबंधित राज्य सरकार उच्च न्यायालय से परामर्श कर राज्य न्यायिक सेवा में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति एवं भर्ती संबंधी नियम एवं विनियम बनाती है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2007 में मलिक मजहर सुल्तान वाद में पारित आदेश द्वारा, अन्य बातों के साथ, कुछ समयसीमाएँ निर्धारित की हैं जिन्हें राज्यों और संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की भर्ती हेतु पालन किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार समय-समय पर राज्य सरकारों एवं संबंधित उच्च न्यायालयों से विद्यमान रिक्तियों को भरने का अनुरोध करती रही है, और हाल ही में तारीख 04.02.2026 को संबंधित उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश को एक अर्ध शासकीय पत्र प्रेषित किया गया है।

**(ख) :** न्याय विकास पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, तारीख 11.02.2026 को समूचे भारत में जिला न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों का विवरण उपाबंध में दिया गया है।

बॉम्बे उच्च न्यायालय एवं महाराष्ट्र के जिला न्यायालयों में 30 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की संख्या निम्नानुसार है :

| **क्र.सं.** | | **सिविल** | **दांडिक** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | बॉम्बे उच्च न्यायालय | 3,838 | 9 | **3,847** |
| **2.** | महाराष्ट्र के जिला न्यायालय | 2,204 | 10,530 | **12,734** |

**(ग) :** ई-न्यायालय के तृतीय चरण के अंतर्गत, भारत सरकार के न्याय विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु बॉम्बे उच्च न्यायालय को ₹92,40,95,320/- आवंटित किए गए हैं। आवंटित राशि में से ₹63,11,48,890/- की राशि अब तक व्यय की जा चुकी है। परियोजना कार्यान्वयन प्रगति के एक भाग के रूप में, उच्च न्यायालय, बम्बई ने कुल 72 ऑनलाइन न्यायालयों को चिन्हित किया है, प्रत्येक जिला मुख्यालय पर दो-दो न्यायालय होंगे, जो ऑनलाइन न्यायालयों के रूप में कार्य करेंगे। भारत के उच्चतम न्यायालय की *ई-समिति* द्वारा प्रावधानित आवश्यक हार्डवेयर इन न्यायालयों को उपलब्ध कराया गया है।

********

उपाबंध

**‘महाराष्ट्र में न्यायिक रिक्तियों के सम्बन्ध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2336 के भाग (ग) जिसका उत्तर 13.12.2026 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण 11.02.2026 को भारत के जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य और संघ राज्यक्षेत्र | अधीनस्थ न्यायिक सेवा | | | | | | उच्चतर न्यायिक सेवा | | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) की स्वीकृत पदसंख्या | सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) की कार्यरत पदसंख्या | सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) की रिक्तियाँ | सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) की स्वीकृत पदसंख्या | सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) की कार्यरत पदसंख्या | सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) की रिक्तियाँ | जिला न्यायाधीश की स्वीकृत पदसंख्या | जिला न्यायाधीश की कार्यरत पदसंख्या | जिला न्यायाधीश की रिक्तियाँ | कुल स्वीकृत पदसंख्या | कुल कार्यरत पदसंख्या | कुल रिक्तियाँ |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 329 | 275 | 54 | 138 | 137 | 1 | 176 | 160 | 16 | 643 | 572 | 71 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 20 | 13 | 7 | 19 | 15 | 4 | 14 | 11 | 3 | 53 | 39 | 14 |
| 3 | असम | 206 | 205 | 1 | 148 | 139 | 9 | 131 | 117 | 14 | 485 | 461 | 24 |
| 4 | बिहार | 886 | 732 | 154 | 421 | 316 | 105 | 718 | 617 | 101 | 2025 | 1665 | 360 |
| 5 | चंडीगढ़ | 18 | 18 | 0 | 2 | 2 | 0 | 10 | 9 | 1 | 30 | 29 | 1 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 239 | 164 | 75 | 158 | 132 | 26 | 266 | 169 | 97 | 663 | 465 | 198 |
| 7 | दादरा और नागर हवेली | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | दमण और दीव | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 361 | 329 | 32 | 121 | 109 | 12 | 415 | 398 | 17 | 897 | 836 | 61 |
| 10 | गोवा | 25 | 19 | 6 | 14 | 12 | 2 | 11 | 9 | 2 | 50 | 40 | 10 |
| 11 | गुजरात | 646 | 441 | 205 | 554 | 482 | 72 | 520 | 262 | 258 | 1720 | 1185 | 535 |
| 12 | हरियाणा | 395 | 301 | 94 | 132 | 133 | -1 | 254 | 212 | 42 | 781 | 646 | 135 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 80 | 69 | 11 | 48 | 47 | 1 | 60 | 56 | 4 | 188 | 172 | 16 |
| 14 | जम्मू - कश्मीर | 143 | 102 | 41 | 88 | 79 | 9 | 91 | 89 | 2 | 322 | 270 | 52 |
| 15 | झारखंड | 311 | 139 | 172 | 156 | 155 | 1 | 240 | 202 | 38 | 707 | 496 | 211 |
| 16 | कर्नाटक | 560 | 386 | 174 | 440 | 413 | 27 | 395 | 330 | 65 | 1395 | 1129 | 266 |
| 17 | केरल | 270 | 259 | 11 | 94 | 82 | 12 | 247 | 236 | 11 | 611 | 577 | 34 |
| 18 | लद्दाख | 8 | 2 | 6 | 6 | 4 | 2 | 3 | 3 | 0 | 17 | 9 | 8 |
| 19 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 768 | 462 | 306 | 514 | 503 | 11 | 746 | 674 | 72 | 2028 | 1639 | 389 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1118 | 920 | 198 | 518 | 510 | 8 | 554 | 510 | 44 | 2190 | 1940 | 250 |
| 22 | मणिपुर | 22 | 18 | 4 | 20 | 13 | 7 | 20 | 18 | 2 | 62 | 49 | 13 |
| 23 | मेघालय | 26 | 15 | 11 | 25 | 21 | 4 | 48 | 21 | 27 | 99 | 57 | 42 |
| 24 | मिजोरम | 41 | 13 | 28 | 17 | 17 | 0 | 16 | 15 | 1 | 74 | 45 | 29 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नागालैंड | 12 | 7 | 5 | 8 | 5 | 3 | 14 | 12 | 2 | 34 | 24 | 10 |
| 26 | ओड़िशा | 490 | 380 | 110 | 288 | 267 | 21 | 266 | 214 | 52 | 1044 | 861 | 183 |
| 27 | पुडुचेरी | 19 | 15 | 4 | 10 | 5 | 5 | 9 | 6 | 3 | 38 | 26 | 12 |
| 28 | पंजाब | 435 | 363 | 72 | 138 | 136 | 2 | 239 | 200 | 39 | 812 | 699 | 113 |
| 29 | राजस्थान | 567 | 577 | -10 | 439 | 381 | 58 | 692 | 531 | 161 | 1698 | 1489 | 209 |
| 30 | सिक्किम | 13 | 4 | 9 | 7 | 5 | 2 | 15 | 14 | 1 | 35 | 23 | 12 |
| 31 | तमिलनाडु | 650 | 574 | 76 | 371 | 364 | 7 | 365 | 296 | 69 | 1386 | 1234 | 152 |
| 32 | तेलंगाना | 245 | 218 | 27 | 142 | 92 | 50 | 173 | 135 | 38 | 560 | 445 | 115 |
| 33 | त्रिपुरा | 53 | 43 | 10 | 40 | 39 | 1 | 40 | 37 | 3 | 133 | 119 | 14 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1203 | 757 | 446 | 806 | 706 | 100 | 1691 | 1168 | 523 | 3700 | 2631 | 1069 |
| 35 | उत्तराखंड | 108 | 91 | 17 | 88 | 83 | 5 | 102 | 96 | 6 | 298 | 270 | 28 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल<br>अंदमान और निकोबार | 430 | 354 | 76 | 337 | 246 | 91 | 338 | 275 | 63 | 1105 | 875 | 230 |
| **कुल** | | **10,700** | **8,268** | **2,432** | **6,312** | **5,655** | **657** | **8,882** | **7,104** | **1,778** | **25,894** | **21,027** | **4,867** |

स्रोत: न्याय विकास पोर्टल

**************